वर्ष- 3 , अंक- 74

छपरा

6 फरवरी शुक्रवार 2026

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com E-Paper website : www.dainikkhojkhabar.live


धन्यवाद प्रस्ताव पर बोले पीएम :

# कांग्रेस के पास न सोच न इच्छाशक्ति, इसका परिणाम देश को भुगतना पड़ा

## दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के करीब भारत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री ने कहा, मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खरगे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे बोलना चाहें तो बोल सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति जी ने देश के मध्यम वर्ग, इस देश के निम्न-मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान हो, प्रौद्योगिकी हो, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति जी ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी विश्वास व्यक्त किया है। यह हम सबके लिए प्रेरक है। उन्होंने कहा, पिछली शताब्दी में भारत की आजादी की जंग में दूसरा क्वार्टर बहुत ही निर्णायक बना था। मैं साफ देख रहा हूं कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में यह दूसरा क्वार्टर भी उतना ही सामर्थ्यवान होने वाला है और उतना ही तेजी से आगे बढ़ने वाला है। राष्ट्र का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। हम आगे ही आगे देखना है और लक्ष्य को प्राप्त कर के ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।



### पीएम मोदी ने खरगे की उम्र को लेकर कसा तंज

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की उम्र को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, आदरणीय खरगे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे बोलना चाहें तो बोल सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं।

**युवा होता जा रहा हमारा देश:** अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा, वर्तमान में हम देखें तो भारत के भाग्य के अनेक संयोग एक साथ हमें नसीब हुए हैं। ये अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है। सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं। वहां की आबादी उम्र के उस पड़ाव पर पहुंची है, जिन्हें हम बुजुर्ग के रूप में जानते हैं। हमारा देश ऐसा है, जो विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है, वैसे ही देश हमारा युवा होता जा रहा है। युवा आबादी वाला देश बनता जा रहा है।

**भारत के प्रति बढ़ा दुनिया का आकर्षण :** उन्होंने कहा, दूसरी तरफ मैं देख रहा हूं जिस प्रकार विश्व का भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है। विश्व भारत के टैलेंट का महत्व समझ रहा है। हमारे पास आज दुनिया का बहुत ही अहम टैलेंट पूल है। युवा टैलेंट पूल है, जिसके पास सपने, संकल्प और सामर्थ्य है। यानी शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है।

**दुनिया की चुनौतियों को समाधान दे रहा भारत:** प्रधानमंत्री ने कहा, भारत आज विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उनका समाधान देने वाला देश, आशा की किरण देने वाला दे बना हुआ है और हम समाधान दे रहे हैं। आज अहम अर्थव्यवस्थाओं में भारत का ग्रोथ काफी ऊंचा है। ऊंची विकास दर और कम महंगाई एक अनोखी उपलब्धि है।

### अमेरिका ट्रेड डील पर पीएम बोले- डेवलप कंट्री का डेवलपिंग कंट्री से डील करना बड़ी बात

पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग थक गए चले गए, लेकिन कभी न कभी उन्हें जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बनाकर रखी थी। दुनिया का कोई देश हमसे डील करने के लिए आगे नहीं आता था। आपने कोशिश की होगी पीछे पीछे गए लेकिन कोई देश डील नहीं करता था। उन्होंने कहा- इसके पीछे सबसे बड़ी डेवलप कंट्री एक डेवलपिंग कंट्री के साथ डील करता है तो ये बड़ी बात है। ये तब होता है जब आपके पास सामर्थ्य हो आपके नागरिकों के अंदर देशवासियों के अंदर ऊर्जा हो।

### पीएम ने कहा- भारत वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ की आवाज बना

पीएम मोदी ने कहा कि कोविड के बाद विश्व में जो हालात बने ऐसी नई नई चीजें जुड़ी। आज दुनिया नए वर्ल्ड ऑर्डर की तरफ आगे बढ़ रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद नया वर्ल्ड ऑर्डर बना था। आज दुनिया एक नए नया वर्ल्ड ऑर्डर की तरफ आगे बढ़ रही है उन्होंने कहा- खुशी की बात है सारी घटनाओं का निष्पक्ष भाव से विश्लेषण करेंगे तो झुकाव भारत की तरफ होगा। विश्वबंधु के रूप में भारत अनेक देशों का पार्टनर बना है। हम कंधे से कंधा मिलाकर विश्व कल्याण की दिशा में अपनी उचित भूमिका निभा रहे हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा विश्व ग्लोबल साउथ की चर्चा करता है लेकिन उसके सूत्रधार के रूप में भारत वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ की आवाज बन गया है। अनेक देशों के साथ भारत ट्रेड डील कर रहा है पिछले कुछ समय में 9 बड़े देशों और उसमें एक साथ 127 देशों यूरोपीय यूनियन के साथ भी ट्रेड डील की।

# कुकी समुदाय के विधायकों ने नई सरकार गठन में भाग न लेने की दी चेतावनी

### कई जगह प्रदर्शन का किया आह्वान

**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर में कई कुकी समूहों ने अपने समुदाय के विधायकों को पूर्वोत्तर राज्य में सरकार गठन में भाग न लेने की चेतावनी दी है, साथ ही चुराचंदपुर में पूर्ण बंद और कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह बुधवार को मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बन गए। राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच महीनों तक चले जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लागू होने के लगभग एक साल बाद भाजपा नेता एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। कुकी समुदाय से संबंध रखने वाले भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नागा पीपुल्स फ्रंट के विधायक एल डिखो ने मणिपुर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

**12 घंटें बंद का आह्वान किया :** इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए। चुराचंदपुर जिले में स्थित एक आदिवासी संगठन, जॉइंट फोरम ऑफ सेवन (जेएफ7) ने शुक्रवार को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक कुकी बहुल क्षेत्रों में पूर्ण बंद का आह्वान किया है। इसने सभी समुदाय के सदस्यों से लोकतांत्रिक तरीके से गांवों में विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया। इसके साथ ही एक अलग कुकी प्रशासन की मांग को दोहराया।




### सड़क पर टायर जलाए

कुकी जो परिषद ने कहा कि कोई भी सामुदायिक विधायक जो उसके सामूहिक निर्णय की अवहेलना करने का विकल्प चुनता है। वह ऐसा अपनी व्यक्तिगत क्षमता में कर रहा होगा। संगठन एकतरफा निर्णयों से उत्पन्न होने वाले परिणामों के लिए जवाबदेह नहीं होगा। कुछ कुकी उग्रवादी समूहों ने समुदाय के विधायकों को सरकार गठन में भाग लेने के खिलाफ कड़ी चेतावनी भी जारी की है। बुधवार रात को प्रदर्शनकारियों ने नेम्शा किपगेन के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के विरोध में कुकी बहुल कांगपोकपी जिले के लेइमाखोंग के पास सड़क पर टायर जलाए और बांस की लाठियां रख दीं।

# दावा- डोभाल की बैकडोर बातचीत के बाद अमेरिकी ट्रेड डील,विदेश मंत्री से कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितंबर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजित डोभाल को वॉशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा।




### सनातन संस्कृति से भारत की पहचान : आरिफ मोहम्मद

**हरिद्वार,एजेंसी।** हरिद्वार में चल रहे स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज श्रीविग्रह मूर्ति स्थापना समारोह के दूसरे दिन धर्मसभा एवं संत सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में देश के संतों, राजनेताओं तथा सामाजिक संगठनों ने गुरुदेव के जीवन-दर्शन, सनातन धर्म की समन्वय परंपरा तथा राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिक मूल्यों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि संतों के आशीर्वाद और पुरुषार्थ से हमे रामजन्म भूमि की प्राप्ति हुई। कृष्ण जन्म भूमि और काशी विश्वनाथ का मामला कोर्ट में है। हो सकता है कि कुछ वर्ष लगें, हम दोनों मामले जीत जाएंगे। तब हम आप सभी को निमंत्रण देने की स्थिति में हो जाएंगे। यह शताब्दी वर्ष हिंदुत्व के जागरण और हिन्दू की शताब्दी का वर्ष है।

### प्रधानमंत्री आज 'परीक्षा पे चर्चा' करेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विद्यार्थियों से संवाद का कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' अपने नवें संस्करण के साथ शुक्रवार सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह कार्यक्रम पहली बार देश के विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार परीक्षा पे चर्चा 2026 का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन तथा शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया मंचों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वेव्स ओटीटी, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो, ज़ी फाइव, सोनी लिव और स्पॉटिफाई पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है तथा परीक्षा को जीवन के एक उत्सव के रूप में देखने की भावना विकसित करना है।

# मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

### कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**शिलांग,एजेंसी।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी।

बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। पुलिस महानिदेशक ने कहा,अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। धमाके के समय खदान के अंदर कितने मजदूर थे, यह अभी साफ नहीं है। और लोगों के फंसे होने की आशंका है।

**एक घायल शिलांग रैफर :** ईस्ट जैंतिया हिल्स के स्कविकाश कुमार ने बताया कि एक घायल व्यक्ति को पहले सुतंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिलांग के अस्पताल में रैफर किया गया।

पुलिस के मुताबिक विस्फोट कोयला खनन के दौरान हुआ और यह खदान अवैध रूप से चल रही थी।



**धमाके का कारण पता नहीं :** धमाके का कारण के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है।

दरअसल, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने साल 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन और अन्य अवैज्ञानिक खनन तरीकों पर रोक लगा दी थी। यह रोक पर्यावरण को होने वाले नुकसान और मजदूरों की सुरक्षा को देखते हुए लगाई गई थी। साथ ही, ऐसे तरीकों से निकाले गए कोयले के अवैध परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया था।

**रैट होल माइनिंग में बहुत संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं :** रैट-होल माइनिंग में बहुत संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं, जिनकी ऊंचाई आमतौर पर 3-4 फीट होती है। मजदूर इन्हीं सुरंगों में घुसकर कोयला निकालते हैं। ये सुरंगें इतनी छोटी होती हैं कि उनमें एक समय में केवल एक व्यक्ति ही जा सकता है।

# तमिलनाडु के मिनिस्टर बोले-उत्तर भारतीय यहां पानीपुरी बेचते है

### उन्हें सिर्फ हिंदी आती है; हमारे बच्चे तमिल-अंग्रेजी जानते हैं, विदेश में करोड़ों कमा रहे

**चेन्नई ,एजेंसी।** तमिलनाडु के कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने कहा कि उत्तर भारत से आए लोग सिर्फ हिंदी जानते हैं, इसलिए उन्हें अच्छी नौकरियां नहीं मिलतीं। वे तमिलनाडु आकर टेबल साफ करने, मजदूरी करने या पानी पूरी बेचने जैसे काम करते हैं। पन्नीरसेल्वम ने बुधवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की वजह से हमारे बच्चे अमेरिका, लंदन जैसी जगहों पर जाकर करोड़ों कमा रहे हैं। बीजेपी और दूसरी विपक्षी पार्टी DMK नेता के इस बयान का विरोध कर रहे है। तमिलनाडु बीजेपी ने सोशल मीडिया X पर पन्नीरसेल्वम की वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि यह केवल एक व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है, बल्कि एक पैटर्न बन चुका है। भाजपा ने कहा- DMK के कई नेता प्रवासी मजदूरों का, विशेषकर उत्तर भारतीय या हिंदी बोलने वालों का बार-बार मजाक उड़ा चुके हैं। ऐसे में जब तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों के खिलाफ हिंसा बढ़ रही है, इस तरह के बयान गैर-जिम्मेदाराना और खतरनाक हैं।



# मणिपुर की नई डिप्टी सीएम नेमचा किपगेन का विरोध,कुकी ग्रुप्स ने बंद बुलाया

**नई दिल्ली/इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर में विधानसभा का नया सत्र शुरू । यह सत्र नए मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद बुलाया गया है। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने गुरुवार शाम 4 बजे से सत्र बुलाया है। इधर, दिल्ली में बुधवार शाम को कुकी-जो समूह से जुड़े लोगों ने मणिपुर भवन के बाहर प्रदर्शन किया। मणिपुर में जॉइंट फोरम ऑफ सेवन (JF7) ने शुक्रवार को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक कुकी बहुल इलाकों में बंद का आह्वान किया है। ये विरोध प्रदर्शन कुकी समुदाय से आने वाली उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन का किया जा रहा है। कुकी-जो परिषद ने कहा है कि यदि समुदाय का कोई विधायक सामूहिक फैसले के खिलाफ सरकार में शामिल होता है, तो उसके फैसले की जिम्मेदारी संगठन की नहीं होगी।

**बीरेन सरकार में मंत्री रह चुकी हैं नेमचा किपगेन :** नेमचा किपगेन कांगपोकपी से भाजपा विधायक हैं और इससे पहले बीरेन सिंह सरकार में सामाजिक कल्याण, सहकारिता, वाणिज्य, उद्योग और वस्त्र विभाग की मंत्री रह चुकी हैं।

# बंगाल में 21-40 की उम्र के बेरोजगारों को 1500 मिलेंगे

### कर्मचारियों का DA 4% बढ़ा; 4.06 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में 21-40 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार लोगों को 1,500 रुपए का मासिक भत्ता दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि अगर उनकी सरकार सत्ता में दोबारा आती है ते यह योजना 15 अगस्त से शुरू की जाएगी।

सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले में डियरनेस अलाउंस(DA) में भी 4% की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, लक्ष्मी भंडार योजना के तहत भी 500 रुपए बढ़ाए गए हैं। इसमें अभी तक सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए और SC/ST महिलाओं को 1,200 रुपए दिए जाते थे।

पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में 2026-27 वित्तीय वर्ष के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया। राज्य में तीन महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं।

**ममता बोलीं- केंद्र पर 2 लाख करोड़ बकाया :** सीएम ने आरोप लगाया कि केंद्र पर पश्चिम बंगाल का लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का वैध बकाया है। बनर्जी ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़कें और सर्व शिक्षा अभियान जैसी प्रमुख योजनाओं के लिए फंड सालों से रोक दिया गया है।

# आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर बुलडोजर चलेगा

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जमीन वापस लेने का आदेश दिया, 500 करोड़ से ज्यादा है कीमत

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** अहमदाबाद के मोटेरा में स्थित आसाराम का मुख्य आश्रम अब कानूनी विवादों में है। गुजरात हाईकोर्ट ने 45,000 वर्ग मीटर से अधिक की आश्रम की जमीन को राज्य सरकार के कब्जे में लेने और आश्रम में बने अवैध निर्माणों को हटाने की मंजूरी दे दी है।

इस आश्रम की जगह अब 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है।

गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने इस मामले में गुरुवार को फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को जमीन वापस लेने की अनुमति दे दी।




कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आश्रम में विकास परियोजना की जरूरतों और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए सरकारी कार्रवाई उचित है। इस फैसले के बाद अहमदाबाद नगर निगम (AMC) अब किसी भी समय अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर सकता है।

32 अवैध यूनिट स्थापित हो थीं आश्रम में राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ लोक अभियोजक जीएच विर्क ने तर्क दिया कि मोटेरा स्थित आश्रम परिसर में करीब 32 अवैध यूनिट स्थापित कर ली गई थीं। जांच के दौरान पता चला कि इन यूनिट्स का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों और अनाधिकृत निर्माण के लिए किया जा रहा था। जबकि सार्वजनिक भूमि पर धीरे-धीरे अतिक्रमण करना और फिर उसे वैध ठहराना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (एएमसी) की ओर से आश्रम को कई नोटिस भेजे गए। इसके बाद 21 जनवरी, 2026 को एएमसी ने आश्रम के प्रभाव शुल्क आवेदन को खारिज कर इस मामले को अपीलीय प्राधिकरण को सौंपने का निर्देश दिया था। आसाराम ने 1972 में की थी आश्रम की स्थापना साबरमती नदी किनारे इस आश्रम की स्थापना आसाराम ने 1972 में की थी। आसाराम ने यहां सबसे पहले एक कुटिया बनाई थी, जिसे मोक्ष कुटिया के रूप में पहचाना जाता था। धीरे-धीरे इसी कुटिया के आसपास निर्माण कार्य होता चला गया और बाद में इसे आसाराम मोटेरा आश्रम के नाम से पहचाना जाने लगा।

# विकास तिवारी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, 5 और आरोपी गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** नगर थाना क्षेत्र में हुए विकास तिवारी हत्याकांड के मामले में सारण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त पांच अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देश पर गठित विशेष जांच टीम द्वारा की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 27 जनवरी 2026 को नगर थाना को एक फर्दबयान प्राप्त हुआ था, जिसमें वादी ने बताया कि छपरा कचहरी रेलवे कॉलोनी के पास उनके पुत्र विकास तिवारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना कांड संख्या 79/2026 दर्ज कर त्वरित अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

हत्या की इस घटना को गंभीर अपराध मानते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 राम पुकार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल सर्विलांस और अन्य सूचनाओं के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया। अनुसंधान के क्रम में पहले ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।इसी कड़ी में पुलिस ने 05 फरवरी 2026 को हत्या की साजिश में शामिल दो अभियुक्तों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने विकास तिवारी हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस एवं अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। अवैध हथियार बरामदगी को लेकर नगर थाना में कांड संख्या 109/2026 दर्ज कर आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।




### गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम -

(1). बिलाल आलम उर्फ छोटू, पिताः मुन्ना खान, साकिनः साढ़ा मठिया, थानाः मुफस्सिल, जिलाः सारण। (2).फिरोज आलम, पिताङ्क असर आलम, साकिनःबाजार समिति, थानाः मुफस्सिल, जिलाः सारण। (3).नितेश कुमार, पिताः नरेन्द्र राय, साकिनःछपरा कचहरी, थानाः नगर, जिलाः सारण। (4).रिशु कुमार, पिताः सुजीत कुमार, साकिनः साढ़ा नेवाजी टोला, थानाः मुफस्सिल, जिलाः सारण। (5).ऋतिक कुमार, पिताः परम राय, साकिनः गोपालपुर, थानाः डोरीगंज, जिलाः सारण। पुलिस के अनुसार, इस पूरी कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1, नगर थाना के थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की सक्रिय भूमिका रही। सारण पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और हत्या जैसे जघन्य अपराध में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## ट्रेन में सक्रिय मोबाइल चोर को सोनपुर रेल पुलिस ने दबोचा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लंबी दूरी की ट्रेनों में बढ़ रही मोबाइल चोरी की घटनाओं के बीच रेल पुलिस की सतर्कता से एक बड़ी वारदात टल गई। बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12566) के जनरल कोच में सफर कर रहे यात्रियों के बीच सक्रिय एक मोबाइल चोर को सोनपुर स्टेशन से पहले रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से दो महंगे मोबाइल फोन बुधवार को बरामद किए गए हैं। जब सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र के गोराङ गांव निवासी मो. आमिर (22) शाहेव नगर जंक्शन से मुजफ्फरपुर की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के सोनपुर पहुंचने से पहले भीड़ का फायदा उठाकर चोर ने उनकी जेब से विवो मोबाइल उड़ा लिया। चोरी का अहसास होते ही पीड़ित ने तत्काल रेल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई रेल पुलिस ने कोच में तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान शौचालय के पास संदिग्ध हालत में खड़े एक युवक ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। उक्त बात की जानकारी देते हुए रेल थाना अध्यक्ष ने गुरुवार को बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम मो. अरसद (25) बताया, जो बैरगाछी थाना क्षेत्र, जिला अररिया का निवासी है।

सोनपुर स्टेशन पर उतारकर की गई तलाशी में आरोपी के पास से एक विवो और एक सैमसंग मोबाइल बरामद किया गया, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह ट्रेन में पहले से यात्रियों को निशाना बना रहा था। रेल थाना सोनपुर में आरोपी के खिलाफ मोबाइल चोरी का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। इस कार्रवाई के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और रेल पुलिस की तत्परता की सराहना की।

## सोनपुर रेल यार्ड में रेल दुर्घटना पर संयुक्त मॉक ड्रिल का हुआ सफल आयोजन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल यार्ड में सोनपुर मंडल तथा 9वीं बटालियन एन.डी.आर.एफ. (बिहटा) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार के रेल दुर्घटना पर एक मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल का संचालन वरीय मंडल संरक्षा अधिकारी वीर पाल सिंह द्वारा किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न राहत एवं बचाव एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना था, ताकि वास्तविक दुर्घटना की स्थिति में त्वरित गति से राहत पहुँचाई जा सके और किसी प्रकार की कठिनाई न उत्पन्न हो। रेलवे द्वारा कृत्रिम दुर्घटना का दृश्य तैयार कर इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सायरन बजते ही रेलवे के बचाव एवं राहत दल ने तत्काल कार्यवाही शुरू की। तत्पश्चात रेलवे कंट्रोल रूम द्वारा एन.डी.आर.एफ. की टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एन.डी.आर.एफ. की टीम घटनास्थल पर पहुँची और रेलवे दल के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। इस संयुक्त मॉक ड्रिल में एक काल्पनिक यात्री ट्रेन दुर्घटना का परिदृश्य बनाया गया, जिसमें-

- 06 यात्री मामूली रूप से घायल,- 04 यात्री गंभीर रूप से घायल,- 02 यात्री मृत घोषित किए गए- तथा 12 यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य के लिए भेजा गया। रेलवे एवं एन.डी.आर.एफ. की टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से क्षतिग्रस्त कोच को काटकर घायलों एवं मृतकों को बाहर निकाला और उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा। इस अभियान में जिला प्रशासन, राज्य सरकार के सिविल डिफेंस, आर.पी.एफ., स्काउट एवं गाइड की टीमों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। दुर्घटना स्थल पर सोनपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक सुमन कुमार तांती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मंडल यांत्रिक अभियंता (टी.एस.), सहायक वाणिज्य प्रबंधक, सहायक विद्युत अभियंता, सहायक सुरक्षा आयुक्त, डी.एस.पी. सहित एन.डी.आर.एफ. के उप कमांडेंट अश्वनी कुमार एवं निरीक्षक के नेतृत्व में पूरी टीम मौजूद रही।

## अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर में एंटी रेबीज वैक्सीन नहीं मिलने से मरीजों को बढ़ी परेशानी

**● ऊंचे दामों पर बाहरी दुकानों से खरीद कर मरीज बैक्सीन लगाने को मजबूर**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडलीय अस्पतालों में विगत एक माह से वैक्सीन का स्टॉक पूरी तरह समाप्त हो गया है। जिससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोग रोजाना दर्जनों मरीजों को बिना टीका लगवाए ही घर वापस लौटना पड़ रहा है। वैसे मरीज जिन्हे कुत्ता या अन्य विषैली जानवर काट लिया है उन्हें टीका लगवाने का अत्यंत आवश्यक है इसके अलावा वे लोग भी आ रहे हैं जो पहले या दूसरा डोस ले लिया है और उन्हें अगला डोज समय पर लेना अनिवार्य है अगर समय रहते नहीं लिया तो उनके स्वास्थ्य व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है. इसके लिए भी अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर में पहुंच रहे हैं लेकिन विगत एक माह से वैक्सीन की कमी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं सरकारी अस्पतालों में वैक्सीन की कमी का फायदा निजी दवा दुकानदार खूब उठा रहे हैं.एंटी रेबीज वैक्सीन प्रिंट डेट से अधिक कीमत पर बेचे जाने की सूत्रों से जानकारी मिल रही है.लोग मजबूरन खरीदने को विवश हैं। गुरुवार को आधे दर्जन से अधिक मरीज वापस लौट गए। स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मी ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि जिले में भी वैक्सीन नहीं मिल रही है। यहां के मरीज अगर सदर अस्पताल हाजीपुर जाते हैं तो उन्हें वैक्सीन देने में आनाकानी करते हैं। अगर मरीजों के पैरवी या संपर्क रहा तो किसी तरह से एक वैक्सीन तो दे देते हैं लेकिन दूसरे बार नहीं आने का भी हिदायत दे देते हैं. इससे प्रतीत होता है कि जिले के साथ साथ सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों गंभीर लापरवाही और अव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रही है।.इस संबंध में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. पूनम कुमारी ने वैक्सीन की कमी स्वीकार करते हुए कहा कि करीब एक महीने से जिले से वैक्सीन की आपूर्ति नहीं हुई है और इस समस्या की जानकारी समीक्षा बैठक में भी दी गई है।

हालात ऐसे हैं कि मरीजों की जान जोखिम में है और जिम्मेदार महकमा सिर्फ आपूर्ति का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों व मरीजों ने प्रशासन से तत्काल वैक्सीन उपलब्ध कराने की माँग करते हुए कई मरीज ने बताया कि यहां पर सिर्फ 6-9 माह के गर्भवती महिलाओं का ही अल्ट्रासाउंड होती है अन्य मरीजों को अल्ट्रासाउंड नहीं होने से उन्हें मुंह मांगे दाम देकर अल्ट्रासाउंड बाहर से करना पड़ता है. कई लोगों ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बड़े-बड़े दावे करते हैं लेकिन उनके दावे की सच्चाई जमीन पर इस तरह है कि प्राइवेट अस्पतालों व दवा दुकनदारों के चांदी कट रहा है।लोगो ने कहा कि ऐसे में यहां जरूरतमंद मरीजों को अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग कर्मियों ने अब तक वैक्सीन की कमी के स्पष्ट कारण नहीं बताए हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

## परमान्दपुर स्थित अन्तरदेशीय जलमार्ग टर्मिनल का मंत्री व विधायक ने किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत परमान्दपुर स्थित नवनिर्मित कललुघाट अन्तरदेशीय जलमार्ग टर्मिनल उद्घाटन के वर्षो पश्चात बृहस्पतिवार के शाम अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल के वरिष्ठ पदाथिकारीयो के मौजूदगी मे बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार व सोनपुर बिधायक विनय कुमार सिंह ने टर्मिनल स्थल व घाटो का निरीक्षण किया व अब तक किस कारण से यातायात व माल ढुलाई का कार्य बाधित है का भी जायजा लिया।मौके पर उपस्थित टर्मिनल के डायरेक्टर को इसके संबंध मे सभी बिनदुओ पर विस्तार से जानकारी लकर यथाशीघ्र अवगत कराने का निर्देश दिए। इस संबंध मे बोले कि 83 करोङ के लागत से निर्मित यह जलमार्ग टर्मिनल को देखकर बहुत प्रसन्नता हुई. मेरा यहा आने का मुख्य उद्देश्य था कि इस टर्मिनल को यथाशीघ्र चालु करवाए इसके लिए कई जिलो के डीएम व वरिष्ठ पदाथिकारीगण से लगातार बाते कर रहे है।स्थानीय बिधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि टर्मिनल सेवा बहाल होने से कई तरह के रोजगार के अवसर स्थानीय लोगो को मिलेगा तथा माल ढुलाई का सस्ता व सुगम व्यव्स्था बहाल होगी। मौके पर मधेपुरा बिहारीगंज के बिधायक निरंजन कुमार मेहता,अन्तर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल के वरिष्ठ पदाथिकारी.स्थानीय समाजसेवी व भाजपा नेता रवि रंजन सिंह सोनु,व अन्य संबंधित पदाथिकारीगण मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन के ठोकर से सोनपुर निवासी शौरभ कुमार की सड़क दुर्घटना में हाजीपुर में हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर। हाजीपुर** --मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर हाजीपुर के दौलतपुर चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास बुधवार शाम एक अज्ञात वाहन के ठोकर से सोनपुर नगर पंचायत के महेशवरी चौक निवासी अजय सिंह के छोटे पुत्र शौरभ की मौत हो गई।इस घटना के जनकारी मिलते ही हाजीपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में करते हुए छतिग्रस्त वाहन को जप्त कर इस घटना के जनकारी परिजनों को दी. सुचना मिलते ही रोते विलखते घर के परिजनों ने हाजीपुर पहुंचा. गुरुवार को पोस्टमाडम होने के बाद उमेश कुमार सिंह के 23 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के अंतिम संस्कार कालिघाट सोनपुर में मृतक के बड़े भाई शुभम सिंह ने मुखअग्नि दी। मृतक के भाई शुभम कुमार सिंह ने बताया कि मेरे छोटे भाई सौरभ हाजीपुर रामाशीष चौक स्थित अमेजन कंपनी में विगत 3 साल से कार्यरत था। बुधवार शाम ड्यूटी के बाद वो मुजफ्फरपुर एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में जा रहा था उसी वक्त दुर्घटना का शिकार हो गया और मौके पर मौत हों गयी। पुलिस ने पौस्टमाडम करा कर शव सौप दिया और आगे कि करवाई में जुट गयी है। मै दो भाई एक बहन है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिवार जनो के रो- रो के बुरा हाल है।

## सोनपुर में इंटर परीक्षा के तीसरे दिन दोनों पालियो में 29 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** इंटरमीडिएट परीक्षा के तिसरे दिन सोनपुर के छह परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन की सतर्कता और कड़े प्रबंधन के चलते परीक्षा निष्पक्ष रही और किसी भी तरह की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को साईकलोजी जब कि दूसरी पाली में जियोग्राफी के परीक्षा हुई है. प्रथम पाली में 2481 में से 13 अनुपस्थित जबकि 2468 परीक्षार्थी परीक्षा दी जबकि दूसरी पाली में 1690 में से 16 अनुपस्थित रहे 1674 छात्रों ने परीक्षा दी। 6 परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे परीक्षार्थियों को सुरक्षित और अनुशासित माहौल मिला। उक्त बात की जानकारी देते हुए सोनपुर एसडीओ सगिंधा नेहा ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से तीसरे दिन की परीक्षा संपन्न हुई.जिसमें सभी 6 परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई। एसडीओ ने बतायी कि शिशु संघ उच्च विद्यालय में प्रथम पाली में 278 / 278 उपस्थित जबकि द्वितीय पाली में433 में से 6 अनुपस्थित रहे 427 परीक्षा दी ।रामसुंदर दास महिला महाविद्यालय− प्रथम पाली मे 598 में 4 अनुपस्थित रहे कुल 594 परीक्षा दी वही दूसरी पाली में 362 में 2 अनुपस्थित कुल 360 परीक्षार्थी परीक्षा दी । एसपीएस सेमिनरी, सोनपुर− प्रथम पाली में 494/494 परीक्षार्थी परीक्षा दी ।जबकि दूसरी पाली में 323 में 1 अनुपस्थित रही कुल 322 परीक्षार्थी परीक्षा दी .

मैक्सीवेल हाई स्कूल − प्रथम पाली में 530 में से 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रही कुल 527 परीक्षा दी वही दूसरी पाली में 181 में 1 अनुपस्थित रहे कुल 180 परीक्षा दी। कन्या उच्च विद्यालय, पहाड़ी चक− प्रथम पाली में 414 में 4 अनुपस्थित कुल 408 परीक्षा दी वही दूसरी पाली में 217 में 1 अनुपस्थित रहे कुल 216 परीक्षा दी। शिव दुलारी उच्च विद्यालय−सोनपुर प्रथम पाली में 167/167 वही दूसरी पाली में 174 में से 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे कुल 169 परीक्षार्थी परीक्षा दी. बिहार बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार जिनकी परीक्षा किसी भी कारण से छूट गई है वेसे परीक्षार्थियों को अप्रैल में होने वाली विशेष परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। उनका रिजल्ट मई में आएगा।

## कोहरे ने बढ़ाई परेशानी अभी तापमान और गिरेगा

**पटना,एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ और जेट स्ट्रीम से बदला मौसम का मिजाज, विभाग का सतर्क रहने का निर्देश बिहार में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला-बदला रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर भारत में सक्रिय मौसमी गतिविधियों का अप्रत्यक्ष प्रभाव बिहार पर भी दिख रहा है।

घने कोहरे और ठंडक से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों में बिहार के कई हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। गया में दृश्यता घटकर करीब 100 मीटर तक दर्ज की गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इस दौरान यहां का मौसम सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

## सोनपुर में शहीद जगदेव प्रसाद कुशवाहा की मनायीं गयी 104वीं जयंती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नारायणी बैंक्वेट एण्ड गार्डेन हॉल गजग्राह चौक,सोनपुर में अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की जयंती गुरुवार को मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विन्देश्वरी पासवान एवं संचालन बैधनाथ महतो ने किया। पूर्व विधायक डॉ.रामानुज प्रसाद ने शहीद बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस मौके पर सोनपुर के पूर्व विधायक डॉ.रामानुज प्रसाद ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद का जन्म 2 फरवरी 1922 बिहार के जहानाबाद जिले के कुर्था प्रखंड के शकूबादा गांव के एक निर्धन परिवार में इनका जन्म हुआ था. इनका पिता का नाम प्रयाग नारायण कुशवाहा था जो एक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक थे. माता राजकली देवी थी। वे 1968 में कुछ समय के लिए बिहार के उपमुख्यमंत्री भी रहे थे.एक महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी राजनेता और शोषितों-वंचितों के मसीहा थे, जिन्हें बिहार का लेनिन कहा जाता है। उन्होंने 1967 में शोषित दल का गठन कर 90त्न शोषित आबादी (दलित, पिछड़े, आदिवासी) के हक़ के लिए ÷100 में 90 शोषित हैं, 90 भाग हमारा है÷ का नारा दिया। जगदेव प्रसाद कुशवाहा शोषित समाज दल के संस्थापक भी थे. उन्होंने अपना जीवन सामाजिक समानता के लिए समर्पित किया और 5 सितंबर 1974 को पुलिस की गोली से उनकी शहादत हुई। जगदेव बाबू पिछड़ों, शोषितों,वंचितों एवं गरीबों के अधिकारों की लड़ाई आजीवन लड़ते रहे।जिसके चलते उन्हें बिहार का लेनिन कहा गया। बाबू जगदेव प्रसाद शोषित समाज दल के संस्थापक थे। उन्होंने सौ में नब्बे शोषित है, नब्बे भाग हमारा है जैसे नारों के साथ सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी।उन्हें सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा का जीवन वंचितों के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरणा रहा है।डॉ.रामानुज प्रसाद ने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी बिल जगदेव बाबू के विचारों को संस्थागत रुप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर आर.एन. मालाकार,शंकर राय,मनोज राय,साधु यादव, अशोक शर्मा,मोहन साह, महेश प्रसाद यादव, शम्भू प्रसाद चौरसिया,हरिचरण महतो, राजेश दांगी आदि कार्यकर्ताओं ने शहीद बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के जीवन पर अपने विचार रखे।

## फरार आरोपी की 25 साल बाद हुई गिरफ्तारी ; शराबबंदी पर भी पुलिस का डंडा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** कानून से लंबे समय तक बचते रहे लोगों के लिए सोनपुर पुलिस की ताज़ा कार्रवाई सख्त चेतावनी बनकर सामने आई है। गुरुवार को पुलिस ने वर्ष 1999 से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर यह साफ कर दिया कि अपराध चाहे जितना पुराना हो, कानून की पकड़ से कोई बच नहीं सकता। इसी कार्रवाई के तहत शराबबंदी कानून के उल्लंघन में तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि सबलपुर बिन टोली निवासी रामटहल महतो उर्फ पुतुलु महतो पिता राम ईश्वर महतो पिछले 25 वर्षों से फरार था। पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज इस पुराने मामले में लगातार निगरानी के बाद गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर उसे दबोच लिया गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अवैध शराब और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को पकड़ा गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह संदेश गया है कि सोनपुर में न तो फरारी चल पाएगी और न ही शराबबंदी कानून की अनदेखी। स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस कदम को अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम बताया।

## बांका में पति की पिटाई से पत्नी की मौत:ससुराल वालों पर मायके पक्ष का हत्या का आरोप




**बांका,एजेंसी।** बांका में पति की पिटाई से महिला की मौत हो गई है। मामला कटोरिया थाना क्षेत्र के भोलाडीह गांव की है। बुधवार देर रात झारखंड के देवघर में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान भोलाडीह निवासी शंभू यादव की पत्नी बबीता देवी (24) के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों ने पति सहित ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। झुनझुनियां गांव के निवासी मृतका के पिता पप्पू यादव ने बताया कि उनकी बेटी बबीता देवी का पति शंभू यादव दूसरे बच्चे के जन्म के बाद से ही उसके साथ हिंसक तरीके से बर्ताव कर रहा था। शंभू यादव अक्सर बबीता पर गैर पुरुष से बातचीत करने का आरोप लगाकर मारपीट करता था। परिजनों ने कई बार पारिवारिक स्तर पर समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन मारपीट जारी रही।

**पिटाई के कारण बबीता बेहोश हो गई :** परिजनों के अनुसार, हाल ही में शंभू यादव ने इसी आरोप को लेकर बबीता देवी के साथ मारपीट की। पिटाई के कारण बबीता बेहोश हो गई, जिसके बाद उसे कटोरिया के एक प्राइवेट डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए झारखंड के देवघर रेफर कर दिया था। हालांकि, मंगलवार सुबह आरोपी पति उसे जबरन घर वापस ले आया। देर शाम बबीता की हालत फिर गंभीर होने पर परिजन उसे दोबारा प्राइवेट डॉक्टर के पास ले गए। वहां से उसे फिर झारखंड देवघर रेफर किया गया, जहां बुधवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया :** बबीता की मौत की सूचना मिलते ही पिता पप्पू यादव अन्य परिजनों के साथ शव लेकर कटोरिया थाना पहुंचे।

उन्होंने पति शंभू यादव और ससुराल पक्ष के अन्य पर हत्या का आरोप लगाया।

## घर से बाजार निकली युवती घर नहीं लौटी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने घर से बाजार जाने के लिए निकली एक युवती वापस अपने घर नही लौटी। देर रात होने पर खोजबीन की जाने लगी लेकिन युवती का पता नही चला। इसी दौरान यह पता चला कि शहवाजपुर निवासी हरेश राय का पुत्र रिषु कुमार के साथ उसकी पुत्री देखी गई है। इसकी जानकारी पर वे रिषु कुमार के घर पहुंचे तो उसके पिता हरेश राय और उसकी पत्नी ने गाली गलौज किया। उसे यह भी पता चला कि शहवाजपुर निवासी रामबाबू राय का पुत्र सुरेन्द्र राय ने दोनों को गांव से छपरा स्टेशन तक पहुंचाया था। पीड़ित पिता ने शादी की नियत से युवती का अपहरण करने की आशंका व्यक्त की है।

## मढ़ौरा के सलिमापुर पैक्स का उपचुनाव आज, तैयारियां पूरी



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा प्रखंड के सलिमापुर पैक्स का उपचुनाव शुक्रवार को होगा। चुनाव को लेकर मढ़ौरा बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी अभिषेक कुमार प्रभाकर ने बताया कि सभी तैयारियां मुक्कमल है, पोलिंग पार्टी को चुनाव सामग्री सुपुर्द कर बूथ पर रवाना किया जा रहा हैं। निष्पक्ष चुनाव को लेकर चुनाव अवधि में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात रहेंगे। पूरी तरह से निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान को लेकर पूरी तैयारी मुक्कमल है। बता दें कि सलिमापुर पैक्स में मतदाता सूची में कुल 694 मतदाताओं के नाम दर्ज है। मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शाम के चार बजे चलेगी। वोटों की गिनती उसी दिन शाम को प्रखंड मुख्यालय में ही कराई जायेगी।

**अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार है आमने सामने-** सलीमापुर पैक्स उप चुनाव में दो अभ्यर्थी अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार है, जबकि सदस्य के तीन पद के लिए भी चुनाव होगा। वही पांच सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हैं। जो मुख्य मुकाबला अध्यक्ष पद के लिए हैं, उसके अभ्यर्थी पूर्व पैक्स अध्यक्ष राजकुमार तिवारी और निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र मांझी के बीच हैं।

## सेवानिवृति पर शारीरिक शिक्षक को दी गई ससम्मान विदाई



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानपुर (अकबरपुर पंचायत) में सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के वरीय शिक्षक देव नारायण राय के सेवानिवृत्त होने पर अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक, ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और गणमान्य अतिथियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंटू कुमार और मंच संचालन राज कुमार ने की। इस अवसर पर परिसर में समारोह पूर्वक ससम्मान विदाई कार्यक्रम संपन्न हुआ । सम्मान के साथ ही भावुक माहौल भी देखने को मिला। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समेत उपस्थित अतिथियों ने श्री राय के कार्य शैली और योगदान की प्रशंसा की और कहा कि उनका अनुशासन अन्य के लिए भी बताया। सबों ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। मौके पर प्रधानाध्यापक उमेश कुमार राय, सुवास कुमार गुप्ता, राजा राम सिंह यादव, धर्मेंद्र तिवारी, सत्यवान, पिंटू कुमार, शशि कुमार, जफर जमाल, सूफियान, पल्लवी, प्राची अरविंद कुमार, विवेक कुमार, ज्योति कुमारी समेत अन्य कई शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्रङ्क्षछात्राओं की उपस्थिति रही।

## गोपालगंज में बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक गंभीर घायल

**गोपालगंज,एजेंसी।** गोपालगंज में नगर थाना क्षेत्र के भोजपूरवा गांव के पास एनएच 27 पर अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिसके कारण बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों की मदद से परिजनो को सूचना दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसे तत्काल ईलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी का इलाज डॉक्टर की देखरेख में चल रहा है। घायल युवक की पहचान मांझागढ़ थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी ध्रुव सिंह का बेटा शक्ति सिंह के रूप में की गई। दरअसल घटना के संदर्भ में न्याया जाता है कि जख्मी युवक शक्ति सिंह बाइक पर सवार होकर अपने एक दोस्त के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक पर सवार होकर गोपालगंज आया था।

**बाइक अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से टकराया :** वापस बाइक पर सवार होकर अपने घर पथरा लौट रहा था। इसी बीच वह जैसे ही नगर थाना क्षेत्र के भोजपुरवा गांव के पहुंचा ही था कि तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से टकरा जिसके कारण बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि बाइक सवार युवक को गंभीर चोट लगने के कारण सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। इस बीच राहगीरो की जब नजर उसपर पड़ी तब उसे तत्काल इलाज के लिए मॉडल अस्पताल के इमर्जेंसी वार्ड में भर्ती कराया जहां डॉक्टर की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

## जमुई में पड़ोसी ने चाचा-भतीजा पर फेका गर्म तेल,शराब के नशे में विवाद के बाद गंभीर रूप से झुलसे दोनों

**जमुई,एजेंसी।** जमुई शहर के खैरा मोड़ स्थित गोसाईं टोला में बुधवार रात एक पड़ोसी ने शराब के नशे में चाचा-भतीजा पर गर्म तेल फेंक दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार रात संजीत कुमार गोस्वामी अपने भतीजे पीयूष कुमार के साथ घर पर लिट्टी-चोखा बना रहे थे। तभी पड़ोसी अशोक गोस्वामी शराब के नशे में वहां पहुंचा और उन पर शराब पीने का दबाव बनाने लगा।

**चूल्हे पर रखा गर्म तेल फेंक दिया :** जब संजीत और पीयूष ने मना किया, तो अशोक गाली-गलौज करने लगा, जिससे विवाद बढ़ गया। विवाद के दौरान अशोक गोस्वामी ने आकाश गोस्वामी और अमन गोस्वामी की मदद से चूल्हे पर रखा गर्म तेल संजीत और पीयूष पर फेंक दिया। गर्म तेल पड़ते ही दोनों दर्द से चीख पड़े और बुरी तरह झुलस गए। उनके चेहरे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। आसपास के लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विद्यालयी शिक्षा पूर्ण होने के परिप्रेक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया




**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** स्थानीय शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा कक्षा दसवीं (सीबीएसई बोर्ड) के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विद्यालयी शिक्षा पूर्ण होने के परिप्रेक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ प्रोफेसर अमर नाथ प्रसाद, उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव, सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार मिश्रा ,प्रधानाचार्य विनोद कुमार एवं समिति सदस्य पुर्नेंदु रंजन सिंह, दीपमाला, मनोज कुमार श्रीवास्तव, डॉक्टर ओंकार नाथ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर उल्लास,भावुकता और प्रेरणा के रंगों से सराबोर हो उठा था। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ0 प्रो0 अमर नाथ प्रसाद ने भैया- बहनों के जीवन में आने वाले विभिन्न परीक्षाओं में सफल होने के सूझाव दिये । विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने की शुभकामनाएं दी ।कक्षा दशम के कक्षाचार्य अनिल कुमार आजाद, मनीष कुमार सिंह ,दर्शना सिंह द्वारा भैया-बहन को शुभकामना देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में समय की महत्ता को समझना होगा। आगामी बोर्ड परीक्षा पूरी तन्मयता के साथ अध्ययन कर बेहतर रिजल्ट प्रस्तुत कर एक कीर्तिमान स्थापित करें ।भैया आदित्य राज, अभिज्ञान प्रकाश हंसराज राठौर, बहन रिया, दीपांजलि ने अपने अनुभव को साझा किया ,मंच का संचालन राजेश कुमार पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि भैया- बहन द्वारा बोर्ड परीक्षा में अच्छा रैंक उनके उज्जवल भविष्य की अमूल्य निधि सिद्ध होगी। इस कार्यक्रम के मौके पर कक्षा दशम के सभी भैया- बहन, विद्यालय के आचार्य राजेश कुमार, मणि भूषण सिंहा राजेश कुमार यादव,नीलू कुमारी, स्वाति सिंह,प्राची, इंदु कुमारी, योगेश त्रिपाठी, शुभम कुमार, रितेश रंजन, दिलीप पति तिवारी ,अन्य आचार्य- बंधु भगिनी ,कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## सखी सहायता हेल्प डेस्क' का किया गया शुभारंभ




**दैनिक खोज खबर/ छपरा ।** पल्स 2 सर्वोदय उच्च विद्यालय, परसा में किशोरियों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता को ध्यान में रखते हुए यूनिसेफ एवं बिहार सरकार के सहयोग से ÷सखी सहायता हेल्प डेस्क÷ की स्थापना की गई। इस हेल्प डेस्क का उद्देश्य विद्यालय की छात्राओं को माहवारी स्वच्छता, किशोरा अवस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों से संबंधित सही, वैज्ञानिक एवं सहज जानकारी प्रदान करना है।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बताया गया कि माहवारी एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, इससे जुड़ी भ्रांतियों और संकोच को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छता बनाए रखने के उपाय, सुरक्षित सैनिटरी उत्पादों का उपयोग, संतुलित आहार, व्यक्तिगत साफ-सफाई तथा मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि सखी सहायता हेल्प डेस्क के माध्यम से छात्राएँ बिना झिझक अपनी समस्याएँ साझा कर सकेंगी और उन्हें समय पर उचित मार्गदर्शन मिलेगा। यह पहल किशोरियों में आत्मविश्वास बढ़ाने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने तथा विद्यालय में एक सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार से कहा कि किशोरावस्था से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराने हेतु साप्ताहिक रूप से विद्यालक की प्रशिक्षित नोडल शिक्षिका रीता कुमारी द्वारा विशेष सत्र का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे। और सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे किशोर स्वास्थ्य सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया।

विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम छात्राओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा।

# छपरा जंक्शन सहित बिहार के स्टेशनों के पुनर्विकास पर संसद में सांसद रूडी ने उठाया मुद्दा

- छपरा जंक्शन के पुनर्विकास कार्यों की स्थिति पर लोकसभा में उठा मुद्दा
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छपरा सहित बिहार के 98 स्टेशन



- छपरा, सोनपुर, दिघवारा, एकमा और मशरख स्टेशनों पर कार्य प्रगति पर
- बिहार में रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 1,828 करोड़ का आवंटन

**दैनिक खोज खबर/नई दिल्ली/छपरा।** सारण सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा लोकसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की प्रगति पर विस्तृत जानकारी दी। रेल मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में बिहार के चार रेलवे जोनों के लिए 1,828 करोड़ का आवंटन किया गया है, जिसमें से दिसंबर 2025 तक 1,451 करोड़ व्यय हो चुके हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिहार के 98 स्टेशन चयनित हैं, जिनमें सारण जिले के छपरा जंक्शन, सोनपुर, दिघवारा, एकमा और मशरख स्टेशन शामिल हैं। मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि छपरा जंक्शन पर प्रतीक्षालय, शौचालय, प्लेटफॉर्म शेल्टर, ऊपरी पैदल पुल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, इलेक्ट्रॉनिक सूचना बोर्ड, लिफ्ट, प्लेटफॉर्म विस्तार एवं सतह सुधार जैसे कई कार्य पूरे किए जा चुके हैं। साथ ही दूसरे प्रवेश द्वार के विकास, पार्सल कार्यालय व गोदाम उन्नयन तथा यंत्रीकृत लॉन्ड्री क्षमता विस्तार के कार्य प्रगति पर हैं। सदन के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत में सांसद श्री रूडी ने बताया कि छपरा रेल मंडल व्यावसायिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडल की कुल आय ?1,321.99 करोड़ रही, जिसमें लगभग 38 प्रतिशत ( 502.36 करोड़) माल यातायात से तथा 55 प्रतिशत ( 727.09 करोड़) यात्री यातायात से प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि स्टेशन पुनर्विकास से न केवल यात्री सुविधाओं का विस्तार होगा, बल्कि सारण जिले की आर्थिक गतिविधियों और रेलवे राजस्व में भी निरंतर वृद्धि होगी।

# संस्कारयुक्त शिक्षा से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण: जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय

### महावीरी विद्यालय विजयहाता का वार्षिकोत्सव 'अभ्यूदय' संपन्न




**दैनिक खोज खबर /सिवान।** विकसित राष्ट के निर्माण में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, किंतु केवल पाठ्य ज्ञान पर्याप्त नहीं होता। बच्चों को मिलने वाली शिक्षा संस्कारयुक्त हो, यह समय की प्रमुख आवश्यकता है। उक्त विचार सिवान के जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने गुरुवार को विजयहाता स्थित विद्या भारती विद्यालय, महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव 'अभ्युदय 2026' को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश होता है, तभी समाज में जिम्मेदार, नैतिक और जागरूक नागरिकों का निर्माण संभव है। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यहां विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का सुसंगत मार्गदर्शन दिया जाता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की अनुशासनशीलता, आत्मविश्वास और प्रतिभा इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने विद्या भारती को ऐसी संस्था बताया, जहां ज्ञान के साथ व्यक्तित्व और बौद्धिक विकास पर भी समान रूप से बल दिया जाता है। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन जिलाधिकारी मैत्रेय, विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, विभाग निरीक्षक अनिल कुमार राम, विद्यालय अध्यक्ष डॉ. शरद चौधरी, आरएसएस विभाग प्रचारक चंदन कुमार, सचिव प्रो. शम्भू प्रसाद एवं प्रधानाचार्य डॉ. कुमार विजय रंजन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम ने कहा कि यह आयोजन साहित्य, संस्कृति और शिक्षा के समन्वय का जीवंत उदाहरण है। विद्यालय को ÷विद्या का मंदिर÷ बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां विद्यार्थियों में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, नैतिक मूल्यों और बौद्धिक क्षमता के विकास की प्रेरणा दी जाती है।

कार्यक्रम में 'भैया-बहनों' ने 30 से अधिक सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं परंपरागत प्रस्तुतियां दीं। मंत्रोच्चारण और भक्तिमय वातावरण के साथ प्रारंभ हुए आयोजन ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण बना कि जब शिक्षा साहित्य और संस्कृति से जुड़ती है, तब वह केवल ज्ञान नहीं देती, बल्कि संस्कारित पीढ़ी का निर्माण करती है। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के पूर्व प्राचार्यों, सेवानिवृत्त आचार्यों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्यों में श्रीराम सिंह, वाणीकांत झा एवं शम्भू शरण तिवारी प्रमुख रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय मीडिया समन्वयक नवीन सिंह परमार, विद्यालय संरक्षक प्रो. रविन्द्र पाठक, कोषाध्यक्ष जीव नारायण, सह-सचिव ओमप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. राम एकबाल गुप्ता, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. ममता सिंह, ओमप्रकाश दूबे, पारस नाथ सिंह, कमलेश नारायण सिंह, रविन्द्र राय एवं सिम्मी कुमारी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# सिमरिया पुल पर 160 की रफ्तार से ट्रेन चलेगी, स्पीड नहीं होगी कम

## भूकंप-बाढ़ को झेलना आसान; दिल्ली जाने में लगेगा 30 मिनट कम समय



**बेगूसराय,एजेंसी।** बिहार के हृदयस्थल में बुनियादी ढांचे के विकास का एक नया अध्याय जुड़ चुका है। गंगा नदी पर बेगूसराय (सिमरिया) और पटना (मोकामा) को जोड़ने वाला बहुप्रतीक्षित नया डबल ट्रैक रेल पुल अब पूरी तरह से तैयार है। यह सिर्फ पत्थर और लोहे का ढांचा नहीं है। बल्कि उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच व्यापार, संस्कृति और कनेक्टिविटी का नई सहारा हैं। इस पुल की खासियत है कि रेल की रफ्तार इस पर कम नहीं होगी और 160 की स्पीड से चलेगी। दिल्ली जाने में भी आधा घंटा कम समय लगेगा और पुल को ऐसे तैयार किया गया है कि भूंकप और बाढ़ को ये आसानी से झेल सकेगा। सालों के इंतजार और आधुनिक इंजीनियरिंग की चुनौतियों को पार करते हुए इस पुल के 12 पीलर पर ट्रैक बिछाया जा चुका है और काम तेजी से चल रहा है। गंगा नदी पर राजेन्द्र पुल के समानांतर बन रहे डबल ट्रैक रेल पुल का निर्माण काम साल 2018 में इरकॉन की ओर से एफकॉन एजेंसी को सौंपा गया था। 2020 से पुल निर्माण की रफ्तार पकड़ने के बाद 26 जनवरी 2026 में पुल बनकर तैयार हो गया। करीब 1700 करोड़ की लागत से 1.86 किलोमीटर लंबा डबल ट्रैक रेल पुल का निर्माण कर रहे एफकॉन एजेंसी को मार्च 2026 तक हेंड ओवर करना है। इसके बाद जून 2026 तक पुल को चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

**160 की रफ्तार से गुजरेगी ट्रेनें :** पुल की सौंदर्यीकरण को लेकर हाथीदह सिरे से इसका पेंटिंग का काम शुरू कर दिया गया है। पुल निर्माण पूरा होते ही इसमें बचे हुए रेलवे ट्रैक को बिछाने, बिजली, सिंगनल, केबल समेत संबंधित अन्य काम भी युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे की ओर से सेफ्टी की भी जांच की जा रही है। गंगा नदी पर बने डबल ट्रैक रेल पुल पर 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन को दौड़ने की क्षमता वाले उक्त पुल की खासियत होगी कि ट्रेन के पुल में प्रवेश करने के दौरान भी इसकी स्पीड में कोई कमी नहीं आएगी।

**पुल में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग :** आमतौर पर देखा जाता है कि अधिकतर पुल में ट्रेन को प्रवेश करने के साथ ही उसकी स्पीड कम हो जाती है। लेकिन इस पुल में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे पुल में ट्रेन के प्रवेश करने पर स्पीड कम नहीं होगी। वेल फाउंडेशन तकनीक का उपयोग कर इसके पिलरों को गहराई तक धंसाया गया है, जिससे भीषण भूकंप और बाढ़ को झेल सके। पुल का 18 पाया जमीन से 65-70 मीटर गहराई पर है। इसमें 17 स्पेन हैं, जिसमें 32 मीटर का दो, 123 मीटर का 13 और 110 मीटर का एक स्पेन है। वहीं, 123 मीटर का स्पेन एक हजार 450 मैट्रिक टन क्षमता है।

**प्रोजेक्ट की पृष्ठभूमि :** साल 1959 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने सिमरिया और मोकामा के बीच देश के सबसे पहले रेल-सह-सड़क पुल का उद्घाटन किया था। छह दशकों तक राजेंद्र सेतु ने बिहार की जीवनरेखा के रूप में काम किया। लेकिन समय बीतने के साथ, पुल पुराना हो गया और भारी मालगाड़ियों का बोझ सहने की उसकी क्षमता कम होने लगी। पुराना पुल सिंगल रेल लाइन था, जिससे ट्रेनों को घंटों क्रॉसिंग के लिए रुकना पड़ता था। पूर्व मध्य रेलवे के लिए यह सेक्शन बॉटलनेक बन गया था।

## सिवान जंक्शन होकर गुजरने वाली छह ट्रेनें निरस्त

**सिवान।** ठंड की वजह से ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है। इस कारण ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनों की देरी से चलने के कारण यात्रा शुरू करने और समाप्त करने वाले यात्रियों को जंक्शन पर ठंड में घंटों ठिठुरना पड़ रहा है। जबकि आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां घंटों विलंब से जंक्शन पहुंची। गुरुवार को वैशाली सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनें दो से दस घंटे लेट चलीं। वहीं जंक्शन होकर गुजरने वाली करीब छह ट्रेनें निरस्त रही। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे, 15566 वैशाली एक्सप्रेस तीन घंटे बीस मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल छह घंटे दस मिनट, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल नौ घंटे 45 मिनट, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस एक घंटे, 12566 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस दो घंटे दस मिनट, 13020 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल छह घंटे 15 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस दो घंटे तीस मिनट, 15110 मथुरा-छपरा एक्सप्रेस दो घंटे दस मिनट, के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं। जिसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा।

## सरपंच के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के देवरिया पंचायत के सरपंच मखसूद आलम का निधन बुधवार की रात्रि हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर पंचायत भवन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सरपंच के निधन पर पंचायत के मुखिया आलोक सिंह, पैक्स अध्यक्ष सोनू सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य सुजीत सिंह, स्वामीनाथन प्रसाद, पूर्व मुखिया आनंदी प्रसाद, अंटु सिह आदि ने शोक व्यक्त की है।

## तीन दिवसीय विद्यालय शिक्षा समिति का प्रशिक्षण शुरू

**बड़हरिया(सिवान)।** प्रखंड के सदरपुर संकुल में गुरुवार को प्रशिक्षक सरोज कुमार और किरण कुमारी द्वारा विद्यालय शिक्षा समिति का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय गैर आवासीय है। इस संबंध में प्रशिक्षक सरोज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में विद्यालय के संबंधित प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष और सचिव का विद्यालय के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय के रखरखाव, मध्याह्न भोजन, पठन-पाठन, वित्तीय लेनदेन संबंधित अनेकों कार्य को देखना और समझाना होता है। साथ ही उनके कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रुपेश द्विवेदी, महबूब आलम, अमरेंद्र कुमार, राजाराम मांझी ,गुफरान अली सहित अन्य प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

## नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली कैंसर जागरुकता रैली

**सिवान।** बड़हरिया प्रखंड के त्रिभेड़िया स्थित आरसीएच नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा कैंसर जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को रवाना करते हुए कालेज के चेयरमैन डा. रामाजी चौधरी ने छात्रों को कैंसर के प्रमुख कारणों, लक्षणों एवं इसके प्रति प्रारंभिक जांच की जानकारी दी। कालेज के उप निदेशक उत्पल पांडेय ने भी छात्र-छात्राओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया ताकि वह ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक कर सकें। रैली में कालेज के छात्र-छात्राएं 20 से अधिक समूह बनाकर बालापुर गांव के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर स्थानीय लोगों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों एवं इसके पहचान के बारे में जागरूक किया। छात्राओं ने महिलाओं को मुख्य रूप से स्तन कैंसर, बच्चेदानी के मुंह के कैंसर एवं युवाओं को मुख के कैंसर की जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन कालेज के विक्की आनंद ने किया। अन्य शिक्षकों में रवि कुमार, अपूर्वा, आकृति कुमारी, राजू कुमार आदि ने सहयोग किया।

## निधन पर सीएचसी में शोकसभा का हुआ आयोजन

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गया जिले के टिकारी पीएचसी में तैनात स्वास्थ्य प्रबंधक के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य प्रबंधक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित शोकसभा में स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लेकर टिकारी के स्वास्थ्य प्रबंधक अभय कुमार सिन्हा के असामयिक निधन पर दुख प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि पटना रेफर होने के बाद वे वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे व मंगलवार की रात उनका निधन हो गया। शोक व्यक्त करने वालों में डा. प्रिया रानी, अंशु कुमार, अंकित अमन, चंदन कुमार, नीतू कुमारी, प्रियंका कुमारी आदि मौजूद थे।

## 36 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मिल्की मधवापुर मोड़ पर बुधवार की रात पुलिस ने स्कूटी से शराब तस्करी के लिए ले जा रहे दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पुलिस ने 60 लीटर शराब, स्कूटी एवं शराब भरा सूटकेस भी जब्त कर लिया। बताया जाता है कि बुधवार की शाम पुअनि अविनाश कुमार पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी में निकले थे। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि हड़सर की ओर से एक स्कूटी पर शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम मिल्की मधवापुर मोड़ पहुंची। पुलिस को देखते ही स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति सूटकेस लेकर भागने लगा, जबकि दूसरा व्यक्ति स्कूटी के साथ खड़ा रहा। पुलिस घेराबंदी कर भाग रहे उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्कर जीबी नगर थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया निवासी नागेंद्र चौधरी तथा सरोज कुमार बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि दोनों तस्करों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।

# मुस्तफाबाद बाजार से आटो की बैट्री चुरा रहे दो गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी पुलिस ने बुधवार की देर शाम थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद बाजार से आटो की बैट्री चुराते वक्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने एक कट्टा व एक गोली भी बरामद की है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम करीब सात बजे गुप्त सूचना मिली कि आटो की बैट्री चोरी करते दो लोगों को मुस्तफाबाद बाजार में लोगों ने पकड़ रखा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों की पहचान




मुस्तफाबाद निवासी मोगल अली व पिपरा टाड़ा निवासी मो. अरमान के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे मिलकर हथियार का भय दिखा चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसके बाद प्रयुक्त हथियार को झाड़ी में छिपाकर रखते हैं। दोनों की निशानदेही पर मुस्तफाबाद स्कूल के पीछे पोखर के किनारे से एक कट्टा व एक गोली बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों का आपराधिक पृष्ठभूमि का भी पता किया जा रहा है।दोनों को पूछताछ के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सीवान : अभियान चलाकर 585.50 लीटर शराब को जब्त, 12 तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** विगत 24 घंटे में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर 25 शराब भट्टी सहित 12 हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब को विनष्ट किया गया। जबकि 585.50 लीटर शराब को जब्त कर 12 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर एक टीम बनाया गया था। इसमें पुलिस पदाधिकारी व काफी संख्या में जवान शामिल थे।एसपी ने बताया कि मेरे निर्देशन में जिले भर में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण, सेवन एवं कारोबारियों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान कुल 585.50 लीटर अवैध शराब एवं दो मोटरसाइकिल जब्त की गई तथा 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान जिले में अवैध शराब कारोबार को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में एक सशक्त एवं प्रभावी कदम है।



## सिवान : 32 ग्राम स्मैक के साथ शहनवाज अली व मुर्तुजा अली गिरफ्तार, दोनों भेजे गए जेल



**परवेज अख्तर/सीवान।** सराय थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 32 ग्राम स्मैक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सराय थाना क्षेत्र के मखदूम सराय मिस्कार टोली निवासी शहनवाज अली व मुर्तुजा अली है। दोनों के पास से पुलिस ने 32 ग्राम स्मैक व तीन मोबाइल को जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बुधवार को सराय थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मखदूम सराय मिस्कार टोली में दो व्यक्ति शहनवाज अली एवं मुर्तुजा अली के द्वारा अपने कबाड़ की दुकान पर स्मैक की खरीद बिक्री कर रहे हैं। उक्त सूचना पर सराय थाना की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदर्भित स्थल पहुंच कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में 32 ग्राम स्मैक बरामद कर उक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सराय थाना अंतर्गत धारा- 8/21 (बी)/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज किया गया। अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार शहनवाज अली व मुर्तुजा अली से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## खाना बनाने के दौरान घर में लगी आग, लाखों की क्षति

**मैरवा (सीवान)।** थाना क्षेत्र के मुड़ियारी पंचायत के कोड़रा गांव में गुरुवार को खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी ने एक घर को जलाकर राख कर दिया। घर समेत उसमें रखे 50 हजार रुपये नकद ,सोना और चांदी के आभूषण, भोजन सामग्री, कपड़े समेत सभी सामान जलकर राख के ढेर में बदल गए। सूचना पर अग्निशामक दस्ता पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से आग को काबू में कर बस्ती में फैलने से रोक लिया। अगलगी की जानकारी होते ही पुलिस पहुंची और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। बताते हैं कि कोड़रा के अमरनाथ गोंड अपनी पुत्री की इंटर की परीक्षा दिलाने के लिए सिवान गए थे। दोपहर में उनके घर की महिलाएं खाना बना रही थी। इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग बेकाबू होकर फैल गई। आसपास के लोग धुआं उठता देख और शोर सुनकर बाल्टी में पानी लेकर दौड़ पड़े। धूल और पानी फेंक कर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। थोड़ी देर में एमटी अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग और काफी प्रयास के बाद आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया। तब तक घर समेत उसमें रखे सारे सामान जल चुके थे।

# अस्पताल रोड सिर्फ नाम का है वनवे, प्रतिदिन लगता है जाम

**सिवान।** शहर में चरमराई यातायात को व्यवस्थित बनाने के लिए अस्पताल रोड को वनवे बनाया गया है, लेकिन वाहन चालक इस सड़क में यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। वन वे होने के बावजूद भी दोनों तरफ वाहनों का आना-जाना इस सड़क पर लगा रहता है। इस वजह से अस्पताल रोड में प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। तैनात ट्रैफिक जवान के लाख समझाने के बावजूद वाहन चालक उनकी एक भी सुनने को तैयार नहीं होते हैं। इसी पथ में निजी अस्पतालों के पास बेतरतीब ढंग से लगी बाइक जाम का दूसरा कारण है। अधिकांश क्लीनिक व अस्पताल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था व्यवस्था नहीं होने के कारण के सड़क पर बाइक व चार पहिया वाहन दिनभर खड़ी रहती है। इससे अस्पताल रोड में जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है।**ठेला की वजह से भी लगता है जाम :**अस्पताल रोड में ठेला की वजह से भी जाम लगा रहता है। करीब 50 से भी अधिक ठेला व खोमचा वाले सड़क पर ही ठेला लगाकर दैनिक दिनचर्या व खाने-पीने की समान बेचते हैं। इससे भी सड़क संकीर्ण हो जाती है और लोगों का राह चलना मुश्किल हो जाता है। वहीं सदर अस्पताल के सामने ही ठेला-खोमचा वाले अपनी दुकान पर सामानों की बिक्री करते हैं इस कारण सड़कें और संकीर्ण हो जाती हैं और सदर अस्पताल के मुख्य गेट पर ही अक्सर जाम का नजारा देखने को मिलता है।

### कहते हैं अधिकारी

वन वे होने के कारण बड़ी गाड़ियों को रोका जाता है, लेकिन वाहन चालक दूसरे रास्ते से अस्पताल रोड में प्रवेश कर आना-जाना करते हैं। जिस पर कार्रवाई भी होती है। प्रतिदिन फाइन किया जा रहा है।

**अभय नंदन, थानाध्यक्ष**
**यातायात थाना**

## दारौंदा :चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, नंबर प्लेट बदलकर घूम रहा था आरोपित

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा गांव में पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान मंछा निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की है, जिस पर गुमराह करने की नीयत से फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर लगाया गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि चार फरवरी को अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी एवं सूचना संकलन के दौरान बगौरा पहुंचने पर गुप्त सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक लेकर बगौरा स्कूल की ओर गया है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस जब स्कूल के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस को देखकर बाइक लेकर भागने लगा। भागने के दौरान वह गिर गया, जिससे उसे हल्की चोटें आईं। इसके बाद पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से काले रंग की स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की गई। पूछताछ में वह बाइक से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस द्वारा बाइक के इंजन और चेसिस नंबर की जांच करने पर पता चला कि बाइक का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर-29एडी-3367 है, जबकि उस पर बीआर-29 एबी-7667 अंकित किया गया था, जो किसी अन्य बाइक का नंबर है।

चालान मशीन से जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि उक्त बाइक चोरी मामले में गोपालगंज के सिधवलिया थाना में 2022 में ही प्राथमिकी की गई है। इससे यह प्रमाणित हुआ कि आरोपित चोरी की बाइक का उपयोग कर रहा था और पहचान छिपाने के उद्देश्य से उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाया था। पुलिस ने जब्ती सूची बनाकर बाइक को जब्त कर लिया तथा आरोपित पवन कुमार को चोरी की बाइक रखने, खरीद-बिक्री करने एवं गुमराह करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया।


## बिकउर में श्री विष्णु महा यज्ञ का होगा आयोजन 10 से

**सिवान।** जीरादेई प्रखंड के बिकउर स्थित सकल ब्रह्म स्थान रामेश्वर नाथ मंदिर घाट में श्रीविष्णु महायज्ञ 10 फरवरी से किया जाएगा। संत रामनारायण दास महाराज ने कहा कि जनमानस के निरोगता के लिए यज्ञ आवश्यक है ।महाराज ने बताया कि विश्व की अमन शांति व विश्व बंधुत्व की भावना को जागृत करने हेतु यज्ञ किया जाता है ।मुख्य यजमान अखंड तिवारी ने बताया कि महायज्ञ 10 फरवरी से आरंभ होगा तथा इसकी पूर्णाहुति हवन पूजा के साथ 16 फरवरी को होगी । उन्होंने बताया कि कथावाचिका साध्वी शालनी त्रिपाठी करेंगी। इस मौके पर रामलीला तथा रास लीला का भी कार्यक्रम होगा। यज्ञ में शामिल होने के लिए यज्ञ समिति के सदस्य क्रमशः राष्ट्रसृजन अभियान के राष्ट्रीय महासचिव डा. ललितेश्वर कुमार,लोकपाल प्रशांत कुमार, राजन तिवारी, अप्पू तिवारी, ललन पांडेय, अमृत तिवारी ,धनु पांडेय ने क्षेत्रीय लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

## गयाजी में 200 लीटर विदेश शराब जब्त

### गाड़ी मालिक की पहचान कर रही पुलिस

**गयाजी,एजेंसी।** गयाजी में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 200 लीटर से अधिक विदेशी शराब बरामद की गई है। इस दौरान तस्करी में इस्तेमाल दो कारों को जब्त किया गया है। जबकि एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। पहली कार्रवाई मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पथरा गांव में की गई। यहां उजले रंग की टाटा जेस्ट कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब ले जाए जाने की सूचना पर मद्यनिषेध टीम




ने छापा मारा। तलाशी के दौरान वाहन से 180 एमएल की 768 बोतलें बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 138.240 लीटर आंकी गई। हालांकि, मौके से कोई तस्कर पकड़ में नहीं आ सका। विभाग का कहना है कि गाड़ी मालिक और तस्करों की पहचान के लिए जांच तेज कर दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा। इस कार्रवाई में सहायक अवर निरीक्षक बन्टी यादव, धर्मेन्द्र बैठा और कमल किशोर के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप बल और गृहरक्षक जवान शामिल थे।

**65.880 लीटर विदेशी शराब बरामद :** दूसरी कार्रवाई मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के हरिओ स्थान के पास की गई। यहां उजले रंग की मारुति सुजुकी एसएक्स-4 कार से 366 पीस टेट्रा पैक विदेशी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 65.880 लीटर है। इस मामले में धनंजय कुमार (24), निवासी बेगूसराय को मौके से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक अंजली कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक दीपक कुमार राम और नवीन कुमार सहित गृहरक्षक जवान व सशस्त्र बल शामिल थे। मद्यनिषेध विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में शराब तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की।

## शराब तस्कर समेत दो गिरफ्तार

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मड़कन गांव से पुलिस ने बुधवार की शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना पर शराब के नशे में एक व्यक्ति तथा एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए शराबी की पहचान सलोनेपुर निवासी साबिर अली के रूप में हुई है जबकि शराब तस्कर की पहचान सुरापुर निवासी सुखारी मांझी के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के पास से चार लीटर शराब बरामद की है।पुलिस दोनों को न्यायालय भेज दी है।

## पटना में नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

*:परिवार ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया*

**पटना,एजेंसी।** पटना के बेउर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। युवती की शादी दो महीने पहले ही धूमधाम से हुई थी। बुधवार को घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने ससुराल के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**20 नवंबर को हुई थी शादी :** युवती के पिता भोला राय ने बताया कि उनकी बेटी निशा कुमारी (20) की शादी 20 नवंबर 2025 को गर्दनीबाग निवासी संतोष कुमार (24) से हुई थी।



उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के समय उन्होंने दामाद को लगभग 8 लाख रुपये नकद, सोने की चेन और ढाई लाख रुपये से अधिक का सामान दिया था। इसके बावजूद, संतोष कुमार लगातार एक गाड़ी की मांग कर रहे थे। भोला राय ने आरोप लगाया कि बुधवार को उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिली।

जब वे ससुराल पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि निशा कुमारी की गला दबाकर हत्या की गई थी और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को बेउर थाना क्षेत्र के सिपारा बखानी मोहल्ले में एक नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली थी, जिसके बाद एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया।